Title: Need to declare Keonjhar district in Orissa as a telecom district.

श्री अनन्त नायक (क्योंझर) : महोदय, क्योंझर को दूरसंचार जिला घोति करने में हो रहे अत्यधिक विलम्ब के कारण वहां की जनता उत्तेजित है। इस समय क्योंझर राजस्व जिले में 9000 से ज्यादा टेलीफोन उपभोक्ता हैं और 400 बी.पी.टी., इसके साथ वाले दूरसंचार जिला ढेंकानाल से जुड़े हैं। क्योंझर और ढेंकानाल जिले में लगभग 200 किलोमीटर की दूरी है। इस दूरी के कारण क्योंझर के लोगों को अत्यधिक कठिनाईयां पेश आ रही हैं।

क्योंझर के टेलीफोन उपभोक्ताओं की संख्या की तुलना में कम टेलीफोन उपभोक्ताओं वाले जिलों को दूरसंचार जिला बनाए रखने के उदाहरण हैं। क्योंझर को दूरसंचार जिला घोति किए जाने का प्रस्ताव काफी लम्बे समय से बकाया पड़ा है। क्योंझर पारम्परिक रूप से पिछड़ा इलाका है। जहां मुख्यत: आदिवासी रहते हैं। यहां खनिजों के प्रचुर भण्डार हैं और कुछ भारी उद्योगों समेत कई उद्योग स्थापित किए गए हैं। अत: क्योंझर को दूरसंचार जिला बनाए जाने के पर्याप्त और उचित आधार हैं।

अत: मैं मांग करता हूं कि क्योंझर को अविलम्ब दूरसंचार जिला बनाया जाए।